# उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

निकट–महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, थानों रोड़, रायपुर, देहरादून।

वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in mail: chayanayog@gmail.com


पत्रांकः परीक्षा /175/2025-26 दिनांकः 24 अक्टूबर, 2025

## संवाद

आयोग द्वारा विज्ञापन संख्या 58/उ०अ०से०च०आ०/2024 दिनांक 14 मार्च, 2024 में सहायक अध्यापक (एल0टी0) के विभिन्न विषयों के अंतर्गत 1544 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया था।

उक्त पदों की लिखित प्रतियोगी परीक्षा दिनांक 18 अगस्त, 2024 को संचालित की गई, जिसके आधार पर **दिनांक 10–01–2025** को औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची जारी की गई, जिसके अनुसार विषयवार श्रेष्ठता सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों की दिनांक **13–01–2025 से 29–01–2025 तक** अभिलेखों की सन्निरीक्षा की गई। विषयवार जारी औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची के अनुसार अभ्यर्थियों की अभिलेख सन्निरीक्षा के उपरान्त विभाग से मण्डल, शाखावार प्राप्त अधियाचन के आधार पर आयोग द्वारा दिनांक **09–02–2025 को** चयनित अभ्यर्थियों की अन्तिम संस्तुति प्रेषित किए जाने हेतु औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची जारी की गई। अभिलेखों की सन्निरीक्षण के उपरान्त आयोग द्वारा **दिनांक 09–02–2025** को विषयवार जारी औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची के क्रम में अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गये प्रत्यावेदनों के परीक्षण के उपरान्त विषयवार अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों को औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची में सम्मिलित किया गया, की विषयवार औपबन्धिक सूची सम्मिलित अभ्यर्थियों के सुलभ संदर्भ हेतु **दिनांक 04–03–2025 को** प्रकाशित की गई।

उपरोक्तानुसार अभिलेख सन्निरीक्षा के आधार पर सहायक अध्यापक एल0टी0 के विभिन्न विषयों में अर्ह 1352 अभ्यर्थियों की चयन संस्तुति नियोक्ता विभाग को प्रेषित किए जाने के उपरान्त शेष पदों पर कार्यवाही गतिमान है।

कुछ प्रकरण मा0 न्यायालय में लंबित है, जिनपर आयोग द्वारा अंतिम निर्णय मा0 न्यायालय के अंतिम आदेश के पश्चात लिया जायेगा। उक्त क्रम में अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि आयोग द्वारा शीघ्र ही उक्त प्रकरण पर निर्णय लिया जायेगा, जिसकी सूचना आयोग की वेबसाइट पर दी जाएगी।

अभ्यर्थी उपर्युक्तानुसार अवगत होने का कष्ट करें।

(S) 24.X.2025

(डा0 शिव कुमार बरनवाल)
सचिव

Scanned with OKEN Scanner